








स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

# प्रशिक्षण एक नज़र में

Digital India
Power To Empower

GOVT.OF INDIA
भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
(कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग)
(मशीनीकरण एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग)

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE**
(DEPARTMENT OF AGRICULTURE, CO-OPERATION AND FARMERS WELFARE)
(MECHANIZATION & TECHNOLOGY DIVISION)

## केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान

ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.) 466 445
(आई.एस.ओ. 9001: 2015 प्रमाणित संस्थान)

## CENTRAL FARM MACHINERY TRAINING & TESTING INSTITUTE

**(An ISO 9001: 2015 Certified Institute)**
TRACTOR NAGAR, BUDNI (M.P.) 466 445

E-mail : fmtti-mp@nic.in
Web site : www.fmttibudni.gov.in

Telephone: 07564-234729
FAX: 07564-234743

# संस्थान का परिचय















केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, बुदनी केवल एक नाम ही नहीं है, अपितु एक जीवंत संस्कृति की झलक है। हमें इसमें कृषि मशीनरी के क्षेत्र में पिछले 7 दशको से अथक, समर्पित और निष्ठा के साथ सेवारत अभियंताओं, तकनीशियनों और अन्य कार्मिकों द्वारा किए गए कार्यों के परिणामों की झलक देखने को मिलती है। संस्थान में प्रगतिशील कृषकों, ट्रैक्टर मालिकों, तकनीशियनों, विस्तार कर्मियों एवं महिलाओं को कृषि मशीनों के प्रचालन, रखरखाव, मरम्मत एवं प्रबंधन पर सेवा आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है।

कृषि ट्रैक्टर के परीक्षण के लिए यह संस्थान देश में एकमात्र अधिकृत संस्थान है। यह संस्थान अंतरराष्ट्रीय संस्था ओ.ई.सी.डी. द्वारा भी ट्रैक्टर परीक्षण के क्षेत्र में मान्यता प्राप्त है जो कि ट्रैक्टर निर्यात को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ट्रैक्टर परीक्षण के अतिरिक्त यह संस्थान ट्रैक्टर एवं निर्माण उपकरणों के इंजनों द्वारा उत्सर्जित धुएँ का व्यापक विश्लेषण भी करता है जो कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु अति आवश्यक है। यह संस्थान सी.एम.वी.आर. नियमों के अंतर्गत होने वाले परीक्षण से संबंधित प्रमाणपत्र जारी करने के लिए भी अधिकृत है। वर्ष 2016 में इस संस्थान को 'रोप्स' (कृषि ट्रैक्टरों की संरक्षी संरचनाओं) के परीक्षण के लिए एवं ओ.ई.सी.डी. कोड के अंतर्गत ट्रैक्टर में सीट बेल्ट को बढ़ावा देने हेतु अधिकृत कर दिया है।

कृषि मशीन के प्रयोग की आवश्यकता को देखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 1955 में कृषि मशीनरी उपयोगिता प्रशिक्षण केंद्र, बुदनी (म.प्र.) की स्थापना की। तत्पश्चात ट्रैक्टरों के परीक्षण का लक्ष्य एवं अन्य कृषि मशीनरी के परीक्षण के कार्य की जिम्मेदारी इस संस्थान को दी गई। कृषि यंत्रों के प्रशिक्षण एवं परीक्षण की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अन्य 3 संस्थान वर्ष 1963 में हिसार (हरियाणा), वर्ष 1983 में गार्लाडिने (आंध्रप्रदेश) एवं वर्ष 1990 में विश्वनाथ चरियाली (असम) की स्थापना की गई। तभी से यह संस्थान देश में यांत्रिकरण की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कार्यरत है।

## संस्थान की भौगोलिक स्थिति :-

बुदनी समुद्र तल से 311 मीटर ऊँचाई पर, 22°47'00'' उत्तर एवं 77°41'00'' पूर्व अक्षांश पर स्थित है। संस्थान भोपाल से होशंगाबाद रोड पर स्थित है। इसकी होशंगाबाद से दूरी 10 किलो मीटर एवं भोपाल से 69 किलो मीटर है। बुदनी सड़क एवं रेल मार्ग दोनों से जुड़ा हुआ है। सबसे नजदीकी रेल्वे स्टेशन, बुदनी से संस्थान 1.6 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है।

## जलवायु :-

प्रायः यहाँ की जलवायु आमतौर पर सामान्य है। औसत वर्षा 1200 मि.मी. होती है। वर्षा ऋतु जून के अंतिम सप्ताह से प्रारंभ होकर मध्य सितंबर तक रहती हैं। शीत ऋतु में मौसम सुहावना होता है। किंतु ग्रीष्म ऋतु के उत्तरार्ध में मई–जून में तेज गर्मी पड़ती है और तापमान 45 डिग्री के लगभग पहुँच जाता है।

# सामान्य उपलब्ध सुविधाएं

## 1. उपकरण और कार्यशाला की सुविधाएं

संस्थान विभिन्न ट्रेक्टरों, टीलेज मशीनों, कृषि के विभिन्न आधुनिक उपकरणों, भूमि सुधार के साधनों, सिंचाई की आधुनिक तकनीको, पौधे की सुरक्षा के उपकरणों, गहाई, खाद्य–प्रसंस्करण के आधुनिक साधनों से सुसज्जित कार्यशालाएं उपलब्ध है । संस्थान में विभिन्न कक्ष एवं प्रयोगिक शालाएं जिसमें पौध सुरक्षा, सिंचाई उपकरण एवं हाइड्रोलिक प्रयोगशाला के अलावा मरम्मत एवं रखरखाव कक्ष भी है ।

## 2. स्टाफ (कर्मचारी वर्ग)

प्रशिक्षण के दौरान छात्र एवं छात्राओं को प्रशिक्षित इंजिनियरों, टैक्निशियनों द्वारा विभिन्न विषयों का सैद्धांतिक एवं प्रयोगिक प्रशिक्षण दिया जाता है ।

## 3. आडियो और विडियो आधारित प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान छात्र एवं छात्राओं को आधुनिक तरीके से विभिन्न विषयों की जानकारी आडियो और विडियो आधारित साधनों से करवाई जाती है । जिससे की वे सभी विषयों को सरलता से समझ सकें ।

## 4. पुस्तकालय

संस्थान में अभियंताओं, प्रौद्योगिकीविदों, प्रशिक्षणार्थियों और अन्य उपयोगकर्ताओं को आवश्यक नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक सुसज्जित पुस्तकालय है। पुस्कालय दस्तावेजों में परीक्षण मानक, पत्रिका, अभिलेख, परीक्षण रिपोर्ट, श्रव्य–दृश्य सामग्री, समाचार–पत्र और पत्रिकाएँ शामिल हैं। इसके अलावा पुस्तकालय में कुछ सूचना सेवाओं जैसे सन्दर्भ सेवा, दस्तावेज वितरण सेवा, सम–सामयिकी, रिप्रोग्राफिक सेवा भी उपयोगकर्ताओं को प्रदान की जाती है।पुस्तकालय की स्वचालन प्रक्रिया डिजिटल सूचना सेवा के पथ पर अग्रसर है।





## 5. औषधालय

नियमित चिकित्सा जाँच के लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से परिपूर्ण एक औषधालय है। कर्मचारियों और उनके परिवार तथा प्रशिक्षणार्थियों के प्राथमिक उपचार के लिए औषद्यालय में दवा पर्याप्त रूप से उपलब्ध है। औषद्यालय में एक अंशकालिक चिकित्सक तथा एक स्थाई कंपाउडर कार्यरत है।

## 6. छात्रावास

भोजनालय की सुविधा के साथ पुरूष तथा महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए अलग–अलग छात्रावास हैं, जो प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सहभागिता के आधार पर संचालित होते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को रहने की सुविधा निशुल्क प्रदान की जाती है। प्रशिक्षणार्थियों के लिए इनडोर और आऊटडोर खेल और मनोरंजन की सुविधा है।





## 7. व्यायाम शाला

संस्थान परिसर में प्रशिक्षणार्थीयों एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित व्यायाम शाला है ।

## 8. अतिथिगृह

आगंतुकों और कृषि निर्माताओं के प्रतिनिधियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक अतिथिगृह है।





## 9. सभागार

आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक वातानुकूलित सभागार है, जिसकी दर्शक क्षमता 200 व्यक्तियों की है।

## 10. कृषि प्रक्षेत्र

संस्थान के पास कुल 141 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र है जिसमें से अविकसित और खारा क्षेत्र 58.00 हेक्टेयर, वन क्षेत्र 44.51 हेक्टेयर, और शुद्ध उपलब्ध कृषि योग्य भूमि 38.49 हेक्टेयर है, कृषि और बागवानी फसलों का उत्पादन संस्थान के प्रशिक्षण और परीक्षण गतिविधियों के लिए किया जाता है।







# संपर्क

| | कार्यालय | निवास |
|---|---|---|
| निदेशक | Ph:07564 - 234729 | Ph:07564 -234733 |
| | Fax:07564 - 234743 | |
| प्रशिक्षण प्रमुख | Ph:07564 - 234988 | -- |
| परीक्षण प्रमुख | Ph:07564 - 235007 | -- |